# वचन निभाने आजा सांवरे | By Sunil Sarvottam

हार के तेरे द्वार पे आया अपनी लाज बचाने
माँ को तूने वचन दिया था आजा वो निभाने
के तुझको आना ही होगा, सांवरे आना ही होगा

दुनिया वाले दर्द किसी का ना पहचाने बाबा
मेरे मन की मैं ही जानू या तू जाने बाबा
मेरे दुखड़े सुनले बाबा आया मैं सुनाने
माँ को तूने वचन दिया था आजा वो निभाने
के तुझको आना ही होगा, सांवरे आना ही होगा

अपने नाम की लाज बचाने आजा बाबा श्याम
जो तू ना आया तो होगा नाम तेरा बदनाम
भक्तों का विश्वास ना टूटे आजा ना जिताने
माँ को तूने वचन दिया था आजा वो निभाने
के तुझको आना ही होगा, सांवरे आना ही होगा

आज तेरे दरबार से बाबा जाऊँगा ना खाली
मर जाऊँगा आज यहीं पे मैंने कसम उठा ली
फिर तो तुझको आना होगा मेरे भाग्य जगाने
माँ को तूने वचन दिया था आजा वो निभाने
के तुझको आना ही होगा, सांवरे आना ही होगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a4%9a%e0%a4%a8-%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%ad%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-sunil-sarvottam/